हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

11 अभियान जन स्वामित्व और महिला नेतृत्व की भावना…



12 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 17वें…



## खबर संक्षेप

### 5.04 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान मुस्तैदी दिखाते हुए एक युवक को 5.04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### बाबा गोविंद दास का मेला गुजरवास में आज

**मंडी अटेली।** बाबा गोविंद दास महाराज का मेला गांव गुजरवास में 28 फरवरी को भरेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व भंडारा भी होगा। मेला कमेटी के सदस्य सूबेदार गिरवर सिंह ने बताया कि मेले में 51 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक की कुश्तियां होंगी। सूबेदार गिरवर सिंह ने बताया कि मेले में आसपास के श्रद्धालुओं के साथ गांव भोड़ी, कटकई, मोहनपुर, सिलारपुर के ग्रामीण विशेष रूप से पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद लेते है।

### भैरव मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ आज

**सतनाली मंडी।** कस्बा स्थित भैरव मंदिर परिसर में शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। भैरव दल सेवा समिति प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में हर माह के तीसरे शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत 28 फरवरी को दोपहर तीन बजे इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### होली के पावन पर्व पर महामूर्ख सम्मेलन 3 को

**महेंद्रगढ़।** होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से आयोजित होने जा रहे महामूर्ख सम्मेलन हास्य कवि सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम के प्रधान नरेश जोशी ने बताया कि यह हास्य व्यंग्य से भरपूर आयोजन तीन मार्च को दोपहर एक बजे से श्री रामलीला परिषद (पुरानी रामलीला) में आयोजित किया जाएगा।

### एक लाख की कबड्डी तिगरा मेले में आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गांव तिगरा में 28 फरवरी को बाबा रघुनाथ का वार्षिक मेला श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित होगा। फाल्गुन द्वादशी के अवसर पर लगने वाले इस मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी, जिसमें पुरुष कबड्डी हरियाणा स्टाइल में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये रखा गया है। जबकि महिला कबड्डी, कुश्ती, बुजुर्ग दौड़, लंबी कूद व ऊंची कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। सुबह नौ बजे से रागनी प्रतियोगिता एवं भंडारे का आयोजन होगा। मेले में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

*कॉलेज के प्रांगण में कैंपस निर्माण का रास्ता हुआ साफ*

# कॉलेज को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, ग्राउंड पर मालिकाना हक पाने की याचिका खारिज

**याचिकाकर्ता के पास लोवर कोर्ट में पीटीशन दायर करने का बचा है विकल्प, राहत मिलने के आसार कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज के ग्राउंड पर मालिकाना हक पाने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को लोवर कोर्ट में पीटीशन दायर करने का विकल्प दिया गया है, लेकिन हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में कॉलेज को राहत मिलने से ग्राउंड में कैंपस निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अदालती फैसले के बाद विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासन का आभार जताया है तथा यथाशिघ्र भवन निर्माण शुरू करने की गुहार लगाई है।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एक पार्ट पर निजी कॉलेज स्थापित की गई थी। कमरों के आभाव में प्रातकालीन सत्र में कॉलेज व सायंकालीन सत्र में स्कूल की कक्षाओं का शेड्यूल बनाया गया था। जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को नजदीकी संस्था में उच्च शिक्षा हासिल करने की सुविधा मिलना संभव हो पाया। इसके बाद 1996 में सरकार ने निजी कॉलेज को अंडरटेकिंग करके सरकारी संस्था का दर्जा दे दिया था। उस दौरान जमीन के मापदंड पूरे करने के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल का ग्राउंड कॉलेज के नाम कराया गया। ग्राउंड के साथ में चौधरी परिवार की संयुक्त जमीन लगती है, जिसके हिस्सेदारों ने स्वेच्छा से जमीन को कॉलेज के नाम दान कर दिया था। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू करते हुए उच्चतर शिक्षा निदेशालय को बजट के लिए पत्र लिखा गया, लेकिन इसी दौरान दान की गई जमीन के एक हिस्सेदार ने ग्राउंड पर मालिकाना हक जता दिया। कॉलेज प्रशासन की ओर से इंकार करने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया, लेकिन दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ता को लोवर कोर्ट में पीटीशन दायर करने का विकल्प दिया गया है।



नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

### अदालत में याचिका हुई खारिज, बजट के लिए विभाग को लिखेंगे पत्र

प्राचार्य डॉ. अनिल यादव ने बताया कि कॉलेज के ग्राउंड में धर्मार्थ प्याऊ की जमीन शामिल है, जिसके कई हिस्सेदार हैं। एक हिस्सेदार ने अपना हिस्सा वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस दायर कर दिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया। फैसले की कॉपी लेकर अब विभाग को कैंपस निर्माण के बजट के लिए पत्र लिखा जाएगा। जिससे विद्यार्थियों की शिक्षण सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सकेगी।

## गढ़ी–महासर मंदिर से गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी

**मंडी अटेली।** गढ़ी-महासर मंदिर में लक्ष्मण दल धर्मशाला में ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, बर्तन समेत अनेक सामान चोरी हो गया। पीड़ित ने अटेली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सेवक राकेश अग्रवाल ने अटेली थाने में शिकायत में बताया है कि धर्मशाला में पहले भी सामान चोरी हो गया था। यह धर्मशाला महासर माता का मेला शुरू होने तथा बीच में धार्मिक कार्यक्रम होने पर खुलती है। राकेश अग्रवाल ने बताया है कि धर्मशाला में सामान चोरी में गैस सिलेंडर, बर्तन, गैस की भट्टी, बाथरूम की टोपियां, इन्वर्टर, बैटरी आदि सामान चोरी हो गया।

### 4 गैस सिलेंडर ले गए चोर

**मंडी अटेली।** अटेली के वार्ड नंबर सात में बीती रात्रि चोरी की वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। नित्यानंद का परिवार रोज की तरह घर में सो रहा था। देर रात्रि करीब एक से डेढ़ बजे के बीच अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए। चोर रसोई और घर में रखे चार गैस सिलेंडर मोटरसाइकिल पर लादकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार जागा तो रसोई से सिलेंडर गायब मिले। पीड़ित नित्यानंद ने अटेली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने भी घटना पर चिंता जताई है।



महेंद्रगढ़। नारनौल दादरी स्टेट हाईवे। फोटो : हरिभूमि

## 1.13 करोड़ रुपये की लागत से दादरी नारनौल रोड पर लगेंगी स्ट्रीट लाइट

**शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे 148बी पर करीब दो वर्ष से स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से रात के समय रहता है अंधेरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे 148बी पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। इसके बाद रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी जाएगी। शहर के रिवासा पुल से महाराज शूर सैनी चौक तक करीब चार किलोमीटर के दायरे में करीब 50 से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए एक करोड़ 13 लाख रुपये बजट की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसके अलावा यह कार्य संगोल इलेक्ट्रीक पावर लिमिटड को सौंपा गया हैं।

शहर के अंदर से गुजर रहे स्टेट हाईवे 148बी पर करीब दो वर्ष से स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से रात के समय अंधेरा रहता है। अंधेरा रहने की वजह से रात के समय चोरी होने का खतरा बना रहता है। विशेष रूप से रात के समय सड़क पर अंधेरा रहने के कारण हादसों होने का खतरा बना रहता था।

साथ ही, असहाय पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया था। नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग इस मार्ग पर लाइटें लगाने को लेकर तालमेल नहीं बना पा रहे थे। अब इस कार्य के लिए विभाग को एक करोड़ 13 लाख के बजट को स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अब जल्द से जल्द शहर के स्टेट हाईवे पर लाइटें लगाने का कार्य किया जाएगा।

### यह कहते हैं विधायक

विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से सड़कों पर रोशनी बढ़ेगी, जिससे आमजन की सुरक्षा मजबूत होगी और रात के समय आवागमन अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को लगातार मजबूत करना है।

### स्ट्रीट लाइट लगाएंगे

*लोक निर्माण विभाग की ओर से स्टेट हाईवे पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। नगर पालिका की ओर से सहमति पत्र के अनुसार स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा।*

*-रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़*

### इस मार्ग पर बड़े शोरूम व बैंक शामिल

स्टेट हाईवे 148 बी पर रिवासा फ्लाई ओवर से महाराजा शूर सैनी चौक तक करीब चार किलोमीटर के दायरे में 50 बड़े शोरूम, दस अस्पताल, तीन पेट्रोल पंप, पांच बैंक, 25 वाहन शोरूम, पांच शिक्षण संस्थान सहित 240 से अधिक छोटी दुकानें स्थित है। दुकानदार अशोक, पवन, सोनू ने बताया कि रात के समय अंधेरा होने के कारण चोरी होने का खतरा बना हुआ है।

### सागरपुर व कनीना के विद्युत सब स्टेशनों के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा

# जिले में बिजली ढांचे को मिलेगी 'नई ताकत': 8 सब स्टेशन प्रस्तावित

**नारनौल–महेंद्रगढ़ में नए सब डिविजन कार्यालय, अटेली में खुलेगा कार्यकारी अभियंता कार्यालय, आमजन को मिलेगी राहत**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिले में बढ़ती आबादी, लघु औद्योगिक इकाईयों और कृषि जरूरतों को देखते हुए बिजली आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में निगम ने बड़े स्तर पर काम शुरू कर दिया है। जिले में वर्तमान में तीन नए 33 केवी विद्युत सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जबकि कुल आठ नए 33 केवी सब स्टेशन प्रस्तावित हैं। इन सब परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज और बार-बार कटौती की समस्या में राहत मिलेगी, बल्कि किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और छोटे उद्योगों को भी स्थिर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

गौर हो कि जिले में बिजली निगम की ओर से कुल आठ नए 33 केवी विद्युत सब स्टेशनों की स्थापना प्रस्तावित है। इनमें गांव बेवल, गोमला/मोड़ी, सागरपुर, गोद, बाघोत, डालनवास, बैरावास तथा भारत नगर (सतनाली) शामिल हैं। इन सब स्टेशनों के शुरू होने से जिले के विभिन्न हिस्सों में बिजली वितरण का संतुलन बेहतर होगा। वर्तमान में कई फीडर ओवरलोड चल रहे हैं, जिससे ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या बढ़ जाती है। नए सब स्टेशनों से लोड विभाजित होगा और आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनेगी। यह सभी विद्युत सब स्टेशन 33 केवी के बनने हैं।

इन्हीं सब स्टेशनों में से एक बाघोत के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण के वर्कऑडर जारी हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, भवन निर्माण और उपकरण स्थापना का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस स्टेशन को 400 केवी धनौंदा पॉवर हाउस से जोड़ा जाएगा। इस सब स्टेशन के शुरू होने से आसपास के कई गांवों को सीधे लाभ मिलेगा और लंबी फीडरों पर पड़ने वाला लोड कम होगा। अभी तक इन गांवों को दूरस्थ सब स्टेशनों से आपूर्ति मिलती है, जिससे तकनीकी हानि और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्या बनी रहती है। केवल ढांचागत विकास ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। नारनौल और महेंद्रगढ़ में नए सब डिविजन कार्यालय स्थापित किए गए हैं। इन कार्यालयों के शुरू होने से उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान तेज गति से हो सकेगा।



नारनौल। पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

### यह कहते हैं अधिकारी



*जिले की बिजली आपूर्ति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाकर धरातल पर कार्य किया जा रहा है। आठ नए 33 केवी सब स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिनके निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। जब यह सब बनकर तैयार हो जाएंगे, तब जिले में लॉ पॉवर सप्लाई एवं ट्रिपिंग आदि की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा तथा उपभोक्ताओं को पूरी बिजली मिल सकेगी।*

*-जोगेंद्र सिंह हुड्डा, एसई, बिजली निगम नारनौल*

### गोमला/मोड़ी व सागरपुर के लिए एलए जारी

गोमला/मोड़ी और सागरपुर में प्रस्तावित 33 केवी सब स्टेशनों के लिए भूमि अधिग्रहण (एलए) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। भूमि उपलब्ध होने के बाद अब निर्माण प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। विभाग का लक्ष्य है कि इन परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा कर चालू किया जाए, ताकि आने वाले दिनों में यहां के लोगों को बेहतर बिजली सुविधा मिल सके। इनके साथ ही बेवल के सब स्टेशन के लिए इलेक्ट्रीकल/ सिविल बीओएम सबमिट की जा चुकी। गोद गांव के सब स्टेशन के लैंड पेपर सबमिट हो चुके है। डालनवास, बैरावास एवं भारत नगर के सब स्टेशन के भी लैंड पेपर सबमिट हो चुके हैं तथा आगे की प्रक्रिया जारी है।

## जन परिवेदना समिति की बैठक आज

**सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सुनेंगे शिकायतें**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में 28 फरवरी को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक होगी। इसमें पहले से निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के दो, पुलिस विभाग का एक, अतिरिक्त उपायुक्त का एक, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के दो, दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम का एक, नगर परिषद के दोए उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त के दो, सिविल सर्जन का एक, लोक निर्माण विभाग का एक, तहसीलदार कनीना का एक, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक का एक व सहायक खनन अभियंता नारनौल का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव पाली का सरपंच ग्राम पंचायत, गांव कुल्ताजपुर का हिमाचल, गांव पृथ्वीपुरा की प्रवीण, मोहल्ला रावका का रमेश कुमार व अन्य क्षेत्रवासी, नांगल कालिया का मुकेश स्वामी, नांगतिहाड़ी का अजीत सिंह, गांव बड़कोदा का उम्मेद सिंह, मोहल्ला पुरानी सराय का सुरेश कुमार गोयल, पार्क गली का बिजेंद्र राजेश सैनी व अन्य व्यापारी, सतनाली का रणसिंह, सतनाली का अनिल कुमार, गांव अब्दुल्ला नगर का कर्मवीर, सिलारपुर का अशोक कुमार, मंडलाना का कृष्ण कुमार व महेंद्रगढ़ का रोहताश सिंह चौहान का मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

## जिले में 4 नकल केस दर्ज

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) की परीक्षा में शुक्रवार जिला के कुछ परीक्षा केन्द्रों पर उड़न दस्ता टीम ने निरीक्षण किया। इसी दौरान बोर्ड अध्यक्ष डा. पवन कुमार की उड़नदस्ता टीम ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां परीक्षा केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आकोदा में एक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली में दो और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यिमक विद्यालय महेन्द्रगढ़ में एक नकल के मामले दर्ज किए गए। इस तरह जिला में कुल चार नकल के मामले दर्ज किए गए।



नारनौल। पाली स्कूल के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ पवन कुमार। फोटो : हरिभूमि

# विश्वविद्यालयों में यूजीसी लागू कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

**नारनौल के लघु सचिवालय में धरना दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले के सचेत नागरिकों द्वारा उपायुक्त के मार्फत महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर मांग की गई की यूजीसी द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में समावेशी माहौल बनाने के दिशा–निर्देशों को तुरंत लागू किया जाए। इस मुद्दे को लेकर नारनौल के लघु सचिवालय में धरना दिया गया। उसके बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर सीताराम प्रधान व किसान नेता बलबीर सिंह में बताया कि यह यूजीसी के निर्देश किसी भी वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि समाज के वंचित व पिछड़े लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने का एक प्रयास मात्र है। इन निर्देशों के लागू होने से किसी वर्ग का कोई भी किसी किस्म का नुकसान नहीं है। उन्होंने कहा कि इन दिशा–निर्देशों में नियमों के विरुद्ध फैलाई जा रहे भ्रम को रोका जाए व सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा उचित व प्रभावी तरीके से उठाया जाए। इस अवसर पर प्रभु दयाल, कुंदन लाल, मामचंद, रामावतार, महावीर, बलबीर सिंह, सीताराम और रामसिंह आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। प्रशासन को ज्ञापन सौंपते सचेत नागरिक मंच के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों और फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से किशोरियों को लाया जाएगा टीकाकरण केंद्र

*अतिरिक्त उपायुक्त ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश*

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए आज से शुरू होगा टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे से सुरक्षित करने के लिए सरकार 28 फरवरी से देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम चलाएगी। इस देश भक्ति अभियान का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। ऐसे में इस अभियान को पूरी गंभीरता के साथ जिला महेंद्रगढ़ में चलाया जाए। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक लेकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे से सुरक्षित करना है, जो कि भारत में महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है।

यह कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम के तहत केवल वे किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र किशोरी को टीके की एक ही खुराक दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित व भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक जांच के बाद अनुमोदित है। प्रशासन ने इस तीन माह के अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। टीकाकरण सत्र पीएचसी स्तर तक के स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित किए जाएंगे, जहां कम से कम एक चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस बैठक में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया। फोटो : हरिभूमि

### टीकाकरण के लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक

उन्होंने कहा कि स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से शिक्षकों और फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से किशोरियों को टीकाकरण केंद्रों तक लाया जाएगा। टीकाकरण के लिए अभिभावकों की ओटीपी आधारित या लिखित सहमति आवश्यक होगी तथा पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन यू विन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। जिसके बाद डिजिटल प्रमाणपत्र भी जारी किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि यदि किसी किशोरी को टीके के किसी घटक से एलर्जी है या वह गंभीर रूप से बीमार है, तो उसका टीकाकरण टाल दिया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपनी बेटियों को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षा कवच प्रदान करें।



# तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

**मुंबई।** अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं' में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

## लाइफ Style

# डेजी

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।' इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।



## हॉलीवुड मसाला



## वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा

# नेटफ्लिक्स

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।



## रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।



## अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

**मुंबई।** अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।



## वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

## टीवी मसाला



## कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

## सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।



## भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

**मुंबई।** डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।



## जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

**मुंबई।** भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।



## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

*नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।*

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

**अक्यूज्ड** : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

**साइको सैयां** : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

***क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम*** : *मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

***संगमरमर*** : *सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की

**नारनौल।** राव नेतराम शिक्षा समिति सलीमपुर अटेली मंडी की ओर से शुक्रवार को गांव सलीमपुर में दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर राव नेतराम शिक्षा समिति सलीमपुर सचिव कुबेर सिंह यादव ने बताया कि समिति की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिससे संपूर्ण रूप से शिक्षण में असमर्थ बच्चों की हौंसला बढ़ सके। इस मौके पर सलीमपुर सरपंच आरती राव के पिता जसवंत यादव भी उपस्थित रहे।

### केशव नगर की प्रेरणा ने किया नेट क्वालीफाई



**नारनौल।** केशव नगर निवासी प्रेरणा ने सीएसआईआर यूजीसी द्वारा आयोजित नेट जेआरएफ (कैमेस्ट्री) में ऑल इंडिया 40वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रेरणा केशव नगर निवासी अशोक कुमार यादव की पुत्री और गांव मसीत (रेवाड़ी) निवासी सूबेदार राकेश कुमार की पुत्रवधू हैं। इस खुशी के मौके पर उनकी सास मीना यादव एवं पति मोहित ने मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया।

## प्रदेशभर में 6 से 22 मार्च तक मनाया जाएगा जल महोत्सव पखवाड़ा

# अभियान जन स्वामित्व और महिला नेतृत्व की भावना पर आधारित: राजीव

**पहले की भांति वॉसो की टीम इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जूम मीटिंग के दौरान प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य अभियंता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य में जल शक्ति मंत्रालय के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के तहत छह से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान की थीम है जल ही जीवन है आओ मिलकर इसे मनाएं और संरक्षित करें।

इस विषय पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय जूम मीटिंग के दौरान चीफ इंजीनियर कम जेजेएम मिशन निदेशक राजीव बातिश व निदेशक जशवंत सिंह ने सभी जिलों के जिला सलाहकारों व खंड संसाधन समन्वयकों को जानकारी देते हुए बताया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव राष्ट्रीय स्तर पर जल महोत्सव राज्य स्तर पर राज्य जल उत्सव, नदी उत्सव तथा ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जल उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों, खंडों एवं ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा, ताकि जल संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया जा सके।

मीटिंग के दौरान मिशन निदेशक राजीव बातिश ने वॉसो के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले की भांति वॉसो की टीम इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में दो दिन पहले छह मार्च को महिला नेतृत्व एवं जल प्रबंधन विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों, स्वयं सहायता समूहों व महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल सेवाओं के संचालन एवं रखरखाव में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। नौ मार्च से 14 मार्च तक विद्यालयों, महाविद्यालयों व ग्राम सभाओं में जल संरक्षण शपथ ग्रहण, निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

तालाबों, जोहड़ों, नहरों एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता हेतु श्रमदान अभियान चलाए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यालय से कार्यकारी अभियंता राजेश शर्मा, राज्य सलाहकार प्रतिभा चौधरी, कामेश शर्मा, सभी जिलों के जिला सलाहकार व खंड संसाधन संयोजक जूम मीटिंग के दौरान जुड़े हुए थे।

### स्वच्छ व सुरक्षित जल के लिए किया जाएगा जागरूक

पेयजल गुणवत्ता जांच शिविर आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जल के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। 15 मार्च से 20 मार्च तक जनभागीदारी सप्ताह के अंतर्गत विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं समुदाय के संयुक्त प्रयासों से जल योजनाओं के सुचारू संचालन पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा सतही जल स्रोतों के संरक्षण के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। हर घर जल की उपलब्धि को दीर्घकालिक एवं विश्वसनीय सेवा में परिवर्तित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर राज्य एवं जिला स्तर पर समापन समारोह आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों, जल समितियों, स्वयं सहायता समूहों व जागरूक नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

**जल संरक्षण जन-जन की जिम्मेदारी**

जल महोत्सव का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि जल संरक्षण को संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक जिम्मेदारी से जोड़कर स्थायी जन आंदोलन बनाना है। बातिश ने कहा कि यह अभियान जन स्वामित्व, महिला नेतृत्व, गुणवत्ता युक्त सेवा एवं सामूहिक सहभागिता की भावना पर आधारित है। हरियाणा के प्रत्येक जिले में इन गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नारनौल।** श्री कृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक इंटर हाऊस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में फाल्कन, कैस्ट्रल, इगल व हॉक हाउसों ने एक टीम के रूप में भाग लिया। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कौशल व वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। प्रतियोगिता का संचालन अध्यापक मोहित यादव व विजय कुमार ने किया। स्कोरर की भूमिका अध्यापिका आशा वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता में ऑवरऑल 325 प्वाइंट लेकर कैस्ट्रल हाउस ने विजय प्राप्त की। प्राईमरी हैड उमा यादव ने कहा कि सभी विषयों में विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर सीईओ अविनाश यादव समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल भड़फ में जेंडर और कल्चरल संवेदनशीलता पर गहन चर्चा आयोजित

**कनीना।** आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल भड़फ में जेंडर और कल्चरल संवेदनशीलता पर एक गहन चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों से इस विषय पर खुलकर बात की और उन्हें समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानताओं के प्रति जागरूक किया। डॉ. पवित्रा राव ने अपने जीवन के अनुभवों और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को समझाया कि कैसे हम एक दूसरे के प्रति संवेदनशील रहकर एक बेहतर समाज बना सकते हैं।



### जैलाफ में माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया चंद्रशेखर का बलिदान दिवस

**नारनौल।** स्वतंत्रता आन्दोलन के गैर समझोता वादी धारा के नायक चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर गांव जैलाफ में चन्द्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने कहा कि आज का दिन भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में महत्वपूर्ण दिन है, इसी दिन हिन्दुस्तान रिपब्लिक सोशलिस्ट आर्मी के कमांडर चन्द्रशेखर आजाद अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में अंग्रेज पुलिस का मुकाबला करते हुए शहीद हुए थे। चन्द्रशेखर आजाद ने महान वीरतापूर्ण जीवन जीया। वे शेर की तरह घूमते रहे और एक वीर की भांति शहीद हुए। इस मौके पर प्रेम पंच, रामकृपाल, अजीत, राजेश, सुरेश कुमार, जयमाला, शीशराम आदि उपस्थित थे।



मंडी अटेली। किसान मेले में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कांटी में एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव कांटी में शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य मिशन न्यूट्री अनाज योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहे। उन्होंने किसानों को मोटा अनाज अपनाने की सलाह दी तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग पर बल दिया। वहीं मेले का आयोजन खंड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश एवं उपमंडल कृषि अधिकारी की देखरेख में आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. मनमीत ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डॉ. एचडी यादव ने फसलों से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। डॉ. राहुल ने बागवानी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. संजय यादव, डॉ. वीर कुमार, डॉ. देवेंद्र एवं डॉ. सोनिया सहित कृषि विभाग नारनौल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कांटी सरपंच देवीलाल सिंह ने किसानों को धन्यवाद किया। मेले में विभिन्न कंपनियों के लगभग 25 स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि यंत्र की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। यह जिला स्तरीय मेला किसानों के लिए तिलहन उत्पादन बढ़ाने, तकनीकी खेती अपनाने तथा नवीन कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त करने का एक उपयोगी मंच सिद्ध हुआ।

## आरपीएस महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस महाविद्यालय बलाना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन 28 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस दिन को महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ देवेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि विज्ञान मानव जीवन को सरल, सशक्त और प्रगतिशील बनाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अनुसंधान की ओर अग्रसर होने तथा समाजहित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन डॉ पवित्रा राव ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशक्ति और रचनात्मक सोच विकसित करने का अवसर है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने बताया कि विज्ञान और तकनीक के इस युग में युवाओं को नवीनतम शोध एवं प्रयोगात्मक ज्ञान से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र जिंदल ने अपने वक्तव्य में विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक ज्ञान को प्राथमिकता देने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएससी और एमएससी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रसायन विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, आविष्कारों और वैज्ञानिक तथ्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हरित रसायन, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान और मानव जीवन तथा नवाचार की भूमिका जैसे विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक पोस्टर तैयार किए।

निर्णायक मंडल के अनुसार बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय और एमएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

**ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में विभाग से डॉ. शंकर, डॉ. ईशा, डॉ. विकास, डॉ. रविंद्र, डॉ. मनीषा और डॉ. स्वाति भी उपस्थित रहे।



### व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, उप-प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रोफेसर अलका द्वारा किया गया।

### अमित ने किया नेट क्वालीफाई



**मंडी अटेली।** यूजीसी द्वारा घोषित जेआरएफ परिणाम में सिहमा निवासी अमित पुत्र महावीर प्रसाद ने लाइफ साइंस विषय में जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 31 प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।अ मित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा निजी कालेज से प्राप्त की तथा उच्च शिक्षा महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से पूरी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता महावीर प्रसाद व माता सुरेश देवी के सहयोग, निरंतर प्रोत्साहन और उचित मार्गदर्शन को दिया।

### बुनियाद परीक्षा में अंजली ने पाई सफलता



**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर की कक्षा आठवीं की छात्रा अंजली पुत्री सुरेन्द्र सिंह ने बुनियाद लेवल दो परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में गर्व का वातावरण है। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अंजली को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या सीमा यादव ने कहा कि अंजली की सफलता सिद्ध करती है कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी भी परिश्रम, अनुशासन व उचित मार्गदर्शन के बल पर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इसके लिए गणित प्रवक्ता दिनेश गांधी का विशेष आभार व्यक्त किया। प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि अंजली की यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता व विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है। प्रवक्ता विजयपाल यादव व महेंद्र सिंह ने भी अंजली को बधाई दी। प्राचार्य सीमा यादव के नेतृत्व में अंजली को मेडल, अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रवक्ता दिनेश गांधी, विजय शर्मा, आशा शर्मा, अंजू कुमारी, बुलबुल, सुभाष चंद, रोहतास, सचिन आदि मौजूद थे।

## पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के बरी होने पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आम आदमी पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भूतपूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपितों को अदालत द्वारा शराब घोटाले केस में बरी करने की खुशी में ढोल नगाड़े के साथ लड्डू बांटे। सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता चितवन वाटिका से चलते हुए महावीर चौक तक ढ़ोल नगाड़े बजाते हुए दुकानदार भाइयों को लड्डू बांटे। जयसिंह सैनी और विवेक भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के क्रांतिकारी नेता केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का शराब घोटाले में अदालत द्वारा बरी कर देना झूठ पर सत्य की जीत है। भूतपूर्व फौजी करण सिंह और आत्माराम सैनी ने कहा कि अगर शराब घोटाले के झूठे केस आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं पर नहीं होते तो दिल्ली में आज भी आम आदमी पार्टी की सरकार होती। गिरीश खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सद्कर्मों से एक भी चुनाव नहीं जीत सकता।

### जैतपुर धाम में उमड़ा आस्था का सागर



**मंडी अटेली।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर जैतपुर धाम में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फाल्गुन मेले के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। मुख्य मेला व पिछले तीन चार रोज से बाबा के स्थान पर पांच लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने का अनुमान रहा है।मेला व्यवस्थाओं को लेकर अध्यक्ष प्रधान ताराचंद यादव, श्री श्याम सेवा समिति जैतपुर धाम, स्वयं लगातार व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में समिति द्वारा दर्शन लाइन, पेयजल, चिकित्सा शिविर, साफ-सफाई, रोशनी एवं पार्किंग की व्यापक व्यवस्था की गई हैं। ग्रामवासी भी सेवा भावना से तन-मन-धन से सहयोग कर रहे है। शासन भी पूरी तरह सतर्क है। जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश खिंची, मेला सहप्रभारी तहसीलदार अर्जुन लाल एवं थानाधिकारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात है। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष प्लान तैयार किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## फाल्गुन की एकादशी पर्व पर जोरासी धाम में भक्तों ने धूमधाम से मनाया श्याम उत्सव

# हारे का सहारा, श्रीश्याम हमारा के नारे गूंजे

- मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ और उनके मन में श्याम के प्रति अटूट भक्ति और उत्साह का दृश्य अद्भुत था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

फाल्गुन की एकादशी पर्व पर जोरासी धाम में श्याम भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से श्याम उत्सव मनाया। सवेरे से ही बाबा श्याम के झंडे थामे और डीजे की मधुर धुन के साथ श्याम भक्त जोरासी के श्री श्याम मंदिर की ओर प्रस्थान कर रहे थे। जहां एक ओर डीजे की धुन पर बाबा के नाम के मधुर गीत गूंज रहे थे, वहीं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए जोरासी धाम की ओर बढ़ रही थी। चहुंओर से निकलती लंबी-लंबी श्याम भक्तों की टोलियां क्षेत्र के गांव नापला, पवेरा, गांवड़ी जाट, सराय, सरेली, इस्लामपुरा, नियाजलीपुर के साथ अन्य आसपास के गांवों से सैकड़ों महिलाएं और पुरुष भक्त डीजे के साथ देवीलाल चौक से होकर नारनौल क्षेत्र की सीमा में स्थित जोरासी श्री श्याम मंदिर पहुंचे। हर कदम पर भक्तों का मन भक्ति और श्रद्धा के रस से टपक रहा था। कुछ भक्त गीत गा रहे थे, कुछ डीजे की ताल पर नाच रहे थे, और कुछ हाथों में झंडा लेकर श्याम के दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे थे। 'श्याम तेरे नाम की महिमा अपरंपार' तथा हारे का सहारा, श्रीश्याम हमारा जैसे नारों एवं गीतों के साथ हर सुर में श्रद्धा और विश्वास की गहराई झलक रही थी। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ और उनके मन में श्याम के प्रति अटूट भक्ति और उत्साह का दृश्य अद्भुत था।



नारनौल। जोरासी धाम में लगे मेले में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### परिवार की खुशहाली और आशीर्वाद के लिए मन्नत मांगने पहुंचे धाम

*श्याम भक्त जगदीप, शुभम गोयल और सुनीता गोयल ने बताया कि आज फाल्गुन की ग्यारस के अवसर पर सभी श्याम भक्त जोरासी धाम में अपने परिवार की खुशहाली और आशीर्वाद के लिए मन्नत मांगने पहुंचे। समूचे क्षेत्र में यह भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ श्याम भक्तों का जोश पूरे जोरासी धाम में महसूस किया गया।*

## माल्यार्पण कर मनाया आजाद का बलिदान दिवस

- महात्मा गांधी के आह्वान पर आजादी की लड़ाई में बहुत ही जोश से शामिल हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नौजवानों के क्रान्तिकारी संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस चितवन वाटिका उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण मनाया।

एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि देश के आजादी आंदोलन में बहुत से नौजवानों ने एक से बढ़कर एक बेजोड़ कुर्बानियां दी हैं। उन्हीं में एक चमकते हुए सितारे की तरह थे, गैर समझौतावादी धारा के महान योद्धा चंद्रशेखर आजाद। ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ते हुए 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में वे शहीद हो गए थे। उनकी बहादुरी का आलम यह था कि अंग्रेज पुलिस की हिम्मत उनके मृत शरीर के पास जाने तक की नहीं हुई। काकोरी कांड में उनका नाम था, लेकिन अंग्रेज पुलिस उन्हें कभी गिरफ्तार नहीं कर पाई।

उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी के आह्वान पर आजादी की लड़ाई में बहुत ही जोश से शामिल हुए। पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने पर जज ने पूछा, तुम्हारा नाम क्या है जवाब था आजाद। तुम चाहते क्या हो स्वतंत्रता। इससे चिढ़ कर जज ने इनको 15 बैतों की सजा दी। सजा के दौरान भी अंग्रेज सरकार के खिलाफ वे नारे लगाते रहे। पूरे बनारस शहर ने अपने इस हीरो को सिर आंखों पर बिठा लिया और सभी इन्हें आजाद के नाम से पुकारने लगे। गांधी जी द्वारा असहयोग आन्दोलन वापस लेने पर इन्हें गहरा आघात लगा। उन्हीं दिनों पुस्तकालय में इनका सम्पर्क क्रान्तिकारियों से हुआ और इन्होंने अंग्रेजों को देश से खदेड़ने का संकल्प लिया जब तक जिन्दा रहूंगा, आजाद रहूंगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर सुबेसिंह, धर्मपाल शर्मा, शेरसिंह गणियार, डॉ. व्रतपाल सिंह, छाजूराम रावत, सतीश कुमार, संजय, राजेश, कृष्ण कुमार, साहिल, अंकित, धर्मेंद्र, रितिक, अभिमन्यु आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शहर की कॉलोनियों के सर्वे कार्य में तेजी के निर्देश

**नारनौल।** जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने अपने कार्यालय में शुक्रवार नगर परिषद के अधिकारियों, सर्वेयरों और पटवारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व में आवंटित और नई आवंटित कॉलोनियों के नक्शा प्रोजेक्ट तथा सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएमसी ने सर्वेयर और पटवारियों से अब तक की प्रोग्रेस रिपोर्ट ली तथा कार्य की गति बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता व संबंधित कॉलोनियों के पार्षद भी उपस्थित रहे। डीएमसी रणवीर सिंह ने आम जनता से भी अपील की कि वे सर्वे के लिए आने वाली टीमों का पूर्ण सहयोग करें और अपने मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

### नए ट्रैफिक मैनेजर की ज्वाइनिंग पर किया स्वागत

**नारनौल।** रोडवेज डिपो में शुक्रवार को नए ट्रैफिक मैनेजर जरनैल सिंह (टीएम) के पद पर ज्वाइन कर लिया। जरनैल सिंह पहले रेवाड़ी डिपो में संस्थान प्रबंधन के पद कार्यरत थे। रोडवेज में आने से पहले वह एयरफोर्स में भी सेवाएं दे चुके हैं। ट्रैफिक मैनेजर की ज्वाइनिंग पर कर्मचारियों ने उनको गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। ट्रैफिक मैनेजर ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह नारनौल डिपो के कर्मचारियों, विभाग व जनहित के लिए अच्छे कार्य करने का प्रयास करेंगे।

### स्कॉलरशिप आवेदन के लिए आज आखिरी दिन

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व विमुक्त जातियों के विद्यार्थियों के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति की आवेदन प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि इस बार पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इसे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पात्र विद्यार्थियों की पारिवारिक वार्षिक आय ढाई लाख रुपये तक है, वे आज ही अपना पंजीकरण हर हाल में पूर्ण कर लें।

# बुनियाद लेवल 2 परीक्षा में जिले के 257 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की परीक्षा, अलीशा, अनंत व रियांशी ने टॉप तीन में बनाई जगह

- बुनियाद लेवल-2 का परिणाम जारी : जिले से लेवल 2 में चयनित 257 विद्यार्थी अब देंगे लेवल-3 की परीक्षा



- नारनौल। डीईओ विश्वेश्वर कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बीते माह 30 जनवरी को आयोजित हुई बुनियाद लेवल-2 के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 257 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमे से 119 छात्र एवम 138 छात्राएं है। अब ये विद्यार्थी बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा देंगे। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल से पार्थिव सैनी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मूसनौता से अलीशा खान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पथरवा से अनन्त एवं राजकीय कन्या उच्च विद्यालय खेड़ी से रियांशी ने जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टॉप 3 में जगह बनाई हैं। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना से सबसे अधिक नौ विद्यार्थियों का बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा के लिए चयन हुआ है।

प्रदेश सरकार और विकल्प फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरुवात वर्ष 2022 में की गई थी। पूरे हरियाणा मे शिक्षा विभाग द्वारा इस योजना के तहत 9वी और 10वीं कक्षा के 5000 से अधिक विद्यार्थी 103 केंद्रों मे कुल 206 कक्षा केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिशन बुनियाद के अंतर्गत, नौंवी और दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना है। हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा जिले में चार मिशन बुनियाद सेंटर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेद्रगढ़, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली एवं राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना बनाए गए है। बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को भत्ता दिया जाएगा।

### मार्च महीने में होगी लेवल-3 की परीक्षा

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि लेवल-2 में चयनित विद्यार्थियों के लिए अब लेवल-3 की परीक्षा मार्च 2026 में आयोजित की जाएगी। इस स्तर पर विद्यार्थियों से गणित विषय के सब्जेक्टिव (वर्णात्मक) प्रश्न पूछे जाएंगे। जिससे उनकी तार्किक क्षमता एवं अवधारणात्मक समझ का आकलन किया जा सके। लेवल-3 का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। जिसमें चयनित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इसी दौरान विद्यार्थियों की लेवल-3 परीक्षा भी जिला स्तर पर संपन्न कराई जाएगी।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद लेवल-2 का परिणाम जारी किया गया है जिसे खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी विद्यालयों से सांझा कर दिया गया है। साथ ही विभाग ने लिंक जारी किया है जिस के माध्यम से विद्यालय बुनियाद लेवल-2 का परिणाम देख सकते है।

## विकसित भारत के लिए विश्वविद्यालयों का सशक्त होना जरूरी: डॉ. जी रेड्डी

# हकेंवि के स्थापना दिवस पर वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न सांस्कृतिक एवं अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर भारत सरकार के सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य एवं डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न कार्यक्रम का उदघाटन कर इनका शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रोफेसर पवन शर्मा, कुलसचिव सुनील कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर ही विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सांइस डे व सांस्कृतिक महोत्सव स्पंदन का भी आगाज हुआ। इन दोनों ही कार्यक्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ साथ विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय से लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इससे पूर्व गत देर शाम स्पंदन की परंपरा के अनुरूप सांस्कृतिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी बेहतर प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने भारत की विविधता को मंच पर प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. जी सतीश रेड्डी ने विश्वविद्यालय द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर सोचने और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सीवी रमन की खोज आज भी वैज्ञानिकों को प्रेरित करती है। डॉ. रेड्डी ने बताया कि भारत ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में, विशेषकर अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में, तेजी से प्रगति की है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेड्डी ने प्रदर्शनी क्षेत्र का अवलोकन किया और हवंडर्स ऑफ इनोवेशन प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों को देखा। इस अवसर पर चित्रकला, भाषण, प्रश्नोत्तरी और विज्ञान शिक्षण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिता भी हुईं। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की प्रेरक शक्ति का सपना तभी साकार होगा जब महिला वैज्ञानिक अपने ज्ञान को समाज तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगी।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### शोभायात्रा में दिखी भारत की सांस्कृतिक विविधता

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं आकर्षक सांस्कृतिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में 10 विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। इन राज्यों में झारखंड, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, ओडिशा, बिहार और हरियाणा शामिल रहे। प्रत्येक दल ने अपने राज्य की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। शोभायात्रा की शुरुआत राष्ट्रीय कैडेट कोर की प्रभावशाली परेड से हुई, जिसने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इसके पश्चात विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना की परेड के साथ हुआ, जिसने अपने मूल मंत्र स्वयं से पहले आपह्व के संदेश को दोहराते हुए सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत किया। स्थापना दिवस का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव बना, बल्कि विद्यार्थियों के बीच आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को भी प्रगाढ़ करने वाला साबित हुआ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रो. रेनु यादव व प्रो. गुंजन गोयल ने सभी का स्वागत किया। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के आयोजन के लिए गठित कोर कमेटी में प्रो. गुंजन गोयल, प्रो. फूल सिंह, प्रो. अंकुश विज, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता तथा प्रो. कांती प्रकाश शर्मा सहित डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण पावरिया। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू बेचने पर 1 लाख का जुर्माना: डीसी

- सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 200 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा) 2003 को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू के कारण होने वाली लाखों मौतों में एक बड़ा हिस्सा उन निर्दोष लोगों का है, जो खुद धूम्रपान नहीं करते, बल्कि दूसरों के धुएं (पैसिव स्मोकिंग) का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान व होटल, रेस्टोरेंट जैसे सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन स्थानों पर धूम्रपान करता पाया जाता है, तो उस पर 200 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही संबंधित संस्थान के प्रबंधक की यह जिम्मेदारी होगी कि वह वहां धूम्रपान निषेध के बोर्ड प्रदर्शित करेए अन्यथा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को नशे से बचाने पर जोर देते हुए कहा कि धारा 6 (बी) के तहत किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह गैर कानूनी है। इसके अतिरिक्त किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी नाबालिग को तंबाकू उत्पाद बेचता है] तो उसे सात साल तक की कड़ी जेल या एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि पुलिस विभाग के साथ साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी चालान काटने की शक्तियां दी गई हैं। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से छापेमारी करें।

# बाबा मोलड़नाथ मेले में आकर्षण का केंद्र रही ऊंट और घोड़ी दौड़

- दौड़ में चेतराम डांगीवार का घोड़ा प्रथम व अमर करौली का घोड़ा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



**कनीना।** घोड़ी दौड़ में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

फाल्गुन सुदी एकादशी के मौके पर आयोजित बाबा मोलड़नाथ मेले में ऊंट व घोड़ी दौड़ मुख्य आकर्षण रही। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उपस्थित रही। ऊंट दौड़ में चेतराम डांगीवास का ऊंट प्रथम, अमर सिंह करौली का ऊंट द्वितीय, सुरेश इस्लामपुर तृतीय, संदीप गिगलाना का चतुर्थ व हाजी कमरू महू का ऊंट पांचवें स्थान रहा। इसी प्रकार घोड़ी दौड़ में कालू भाई मेहसाना गुजरात की घोड़ी प्रथम, रामसिंह बडबर की घोड़ी द्वितीय, मोनू पाथेड़ा तृतीय, धुडाराम सरपंच तापड़ी चतुर्थ व नरेश पाथेड़ी की घोड़ी पांचवें स्थान पर रही। प्रथम पांच स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि हरीश यादव सहित मेला कमेटी की ओर से क्रमशः नकद इनाम दिया गया। ऊंट दौड के लिए छह ग्रुप तथा घोड़ी दौड़ के लिए तीन ग्रुप बनाए गए थे। पहले ग्रुप की ऊंट दौड़ में मुल्तान पाथेड़ा का ऊंट प्रथम व कृष्ण भेडिलास का ऊंट द्वितीय स्थान पर रहा। दूसरे ग्रुप में संदीप गिगलाना प्रथम व हाजी कमरू महू द्वितीय स्थान पर रहे। तीसरे ग्रुप में अमर सिंह करौली प्रथम व ठाकुर फूलसिंह पाथेड़ी द्वितीय स्थान पर रहे। चतुर्थ ग्रुप में चेतराम डांगीवास प्रथम व ईश्वर सिंह लाखू दूसरे स्थान पर रहे। पंचम ग्रुप में खुटा साकरस प्रथम व अमर सिंह करौली द्वितीय स्थान पर रहे। छठे ग्रुप में सुरेश इस्लामपुर प्रथम व खुटा सारकरस द्वितीय स्थान पर रहे। जिसमें गायक प्रदीप जांडली, आरके लहरी, अंचल पांचाल व अनु शर्मा ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी।

*35 स्पेशल ट्रेन के 216 ट्रिप अवधि में किया विस्तार*

# होली पर उत्तर पश्चिम रेलवे ने किया स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**नारनौल।** होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। होली पर्व पर उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 35 स्पेशल ट्रेनों के 273 ट्रिप संचालन व 30 स्पेशल ट्रेनों के 216 ट्रिप संचालन की अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार रेलवे की ओर से होली पर्व के अवसर पर विभिन्न मार्गों पर यात्री भार की समीक्षा कर यात्रियों को सुगम रेल यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा हेतु होली पर विस्तारित स्पेशल रेलसेवाएं रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा एक मार्च, सात, आठ, 14, 15, 21, 22, 28, 29, 30 मार्च को (10 ट्रिप), रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा दो मार्च, आठ, नौ, 15, 16, 22, 23, 29, 30, 31 मार्च को (10 ट्रिप) तथा रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा एक मार्च, सात, आठ, 14, 15, 21, 22, 28, 29, 31 मार्च को (10 ट्रिप) संचालन किया जाएगा।

**रींगस- रेवाड़ी- रींगस स्पेशल रेलसेवा का संचालन**

रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा हेतु रींगस-रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09701 रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 27 फरवरी को (01 ट्रिप) रींगस से 23:50 बजे रवाना होकर अगले दिन 04.00 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09702 रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा 28 फरवरी को (01 ट्रिप) रेवाड़ी से 05.15 बजे रवाना होकर 08.20 बजे रींगस पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में श्रीमाधोपुर, कावंट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला,नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसमें 14 साधारण श्रेणी व दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 16 डिब्बें होंगे।

# यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत पॉश प्रशिक्षण पर हुआ कार्यक्रम

- जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा व गरिमा सर्वोपरि है। एक भयमुक्त वातावरण ही महिलाओं की कार्यक्षमता और विकास को सुनिश्चित करता है। यह बात एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत पॉश प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह भी मौजूद थे।



**नारनौल।** कार्यक्रम में संबोधित करते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध

धारा 354-ए यौन शोषण: किसी के द्वारा जबरदस्ती यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाना या आग्रह करना, मौखिक या शारीरिक रूप में यौन व्यवहार को उजागर करना, अश्लील चित्रों व फिल्मों को दिखाना या यौन संबंधी बातें करना।

धारा 354-बी छेड़छाड़: स्त्री की मर्यादा और सम्मान को क्षति पहुंचाने के लिए उसे पर हमला करना या उसके साथ गलत मानसा के साथ जोर जबरदस्ती करना।

धारा 354-सी ताक झांक करना: किसी महिला को उसकी मर्जी के बगैर छिपकर देखना, उसकी फोटो लेना या उसे फोटो का गलत प्रयोग करना।

धारा 354-डी पीछा करना: महिला द्वारा स्पष्ट मना करने के बावजूद लगातार उसे महिला से बातचीत करने के लिए संपर्क करना, उसका पीछा करना या उस पर इंटरनेट, ईमेल या इलेक्ट्रॉनिक संचार जैसे किसी भी तरीके से निगरानी करना।


धारा 509 अपमान: किसी महिला की गरिमा और सम्मान को चोट पहुंचाने के लिए शब्दों तथा इशारों का इस्तेमाल करना।

# बागवानी विभाग नांगल चौधरी में विकसित करेगा सब्जी उत्पादक केंद्र

## पूर्व मंत्री ने विभाग के अधिकारियों के साथ की मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी हलके में विभिन्न गांवों में बनाए गए विशाल जल भंडारों के आस पास बागवानी एवं सब्जी उत्पादन के भूखंड विकसित करने के विचार को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व विधायक डॉ. अभय सिंह यादव नसीबपुर गांव स्थित बागवानी विभाग कार्यालय पहुंचे। यादव ने इस विषय में बताते हुए कहा कि नांगल चौधरी हलका सिंचाई तंत्र कि टेल पर स्थित होने के कारण नहरी पानी की सप्लाई पूरी तरह सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसी बात को मध्यनजर रखते हुए ऐसे लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों में चार चार एकड़ के क्षेत्र में 15 फुट गहरे पक्के विशाल जल भंडार बनाए गए हैं, जो एक ही बार में लगभग चार सौ एकड़ भूमि की सिंचाई के लिए पर्याप्त हैं। गत सर्दियों में इस तरह के जल भंडारों में जहां पानी उपलब्ध था, वहां किसानों को इनसे पर्याप्त पानी मिला है। जिससे वहां एक बड़े क्षेत्र की सिंचाई कर पाए हैं, लेकिन रबी की फसल के उपरांत वर्षा ऋतु के अंत तक नहर में पानी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होती है और इसी पानी से जिले के भूजल में उल्लेखनीय सुधार किया है। उन्होंने कहा कि किसान को फसल चक्र में सुधार करते हुए अप्रैल और जुलाई के बीच के समय में तीसरी फसल की ओर आगे बढ़ना चाहिए। गर्मी के मौसम में सब्जियों की आम तौर पर मांग भी ज्यादा होती है और भाव भी अच्छे मिल जाते हैं।



**नारनौल।** डॉ. अभय सिंह यादव को पौधा भेंट करते हुए।

**बैठक** प्रमुख मार्गों को फोरलेन करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा: उपायुक्त

## बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह से पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संचालित

# जिले में विकास कार्यों के लिए आवंटित 80 फीसदी बजट खर्च : कैप्टन मनोज

- हवाई पट्टी की एक्सटेंशन प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए बोर्ड और जिला प्रशासन की फ्लाइंग स्क्वॉड टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं तथा हर केंद्र पर कड़ी नजर रखी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य विजन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि जिला शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर सके।

इस अवसर पर जिले के बुनियादी ढांचे और सड़कों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि नारनौल शहर सहित जिले के कई अन्य प्रमुख मार्गों को फोरलेन में तब्दील करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जिससे भविष्य में यातायात सुगम होगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न होने दिया जाए। जिले की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने जानकारी दी कि नारनौल स्थित हवाई पट्टी के विस्तार एक्सटेंशन की प्रक्रिया भी सुचारू रूप से जारी है।



**नारनौल।** प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### आमजन को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

विकास कार्यों की प्रगति का विवरण देते हुए कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए जो बजट प्राप्त हुआ था। जिला प्रशासन ने उसका लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा विकास योजनाओं पर खर्च कर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शेष कार्यों को भी समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।